भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

सैन्य कार्य विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2101

15 मार्च, 2021 को उत्तर के लिए

नौसेना में पनडुब्बियां

2101. श्री मल्लिकार्जुन खरगे :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि किसी पनडुब्बी का औसत मियाद 25 वर्षों की मानी जाती है;

(ख) यदि हां, तो वर्तमान में नौसेना में ऐसी कुल पनडुब्बियों में 25 वर्ष से भी ज्यादा पुरानी पनडुब्बियों का अनुपात कितना है;

(ग) सरकार की इन पुरानी पनडुब्बियों को प्रतिस्थापित करने की क्या योजना है; और

(घ) इस प्रतिस्थापन को कब तक पूरा किया जा रहा है ?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद नाईक)

(क): जी, हां ।

(ख): भारतीय नौसेना के पास दस परंपरागत पनडुब्बियां पच्चीस वर्षों से अधिक पुरानी हैं । तथापि, इनका मध्य जीवन उन्नयन किया गया है और ये पूर्ण रूप से प्रचालन में हैं ।

(ग) और (घ): पुरानी परंपरागत पनडुब्बियों के स्थान पर स्वदेशी रूप से निर्मित पनडुब्बियों को चरणबद्ध तरीके से प्रतिस्थापित करने की योजना है । इनमें से गत साढ़े तीन वर्षों में कलवरी वर्ग की तीन पनडुब्बियों को भारतीय नौसेना में पहले ही शामिल किया जा चुका है ।

******